हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल

4



## खबर संक्षेप

### नैला-बलौदा मार्ग बना जी का जंजाल, राहगीर हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** नैला-बलौदा एक परेशानी का सबब बन चुका है। भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, सड़क की बदहाल स्थिति और जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता ने इस मार्ग को दुर्घटनाओं का अड्डा बना दिया है। पीडब्लयूडी, आरटीओ और पुलिस विभाग पर उंगलियां उठ रही हैं, लेकिन जवाबदेही से सभी बचते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे अवैध रूप से चल रहे भारी ट्रेलरों का विरोध करते हैं, तो उन्हें धमकाया जाता है। ग्रामीणों ने शासन से 5 प्रमुख मांगें रखी हैं तत्काल सड़क की मरम्मत, भारी वाहनों पर समयबद्ध प्रतिबंध, संयुक्त निरीक्षण टीम, नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग सहित अन्य मांगे रखी गई है।

### महिला से अनाचार करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** महिला से जबरदस्ती अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि पीडिता की अक्सर तबियत खराब होती थी। आरोपी अशोक श्रीवास उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 ग्राम बुड़गहन द्वारा पीड़िता को अपने घर ले जाकर जबरदस्ती अनाचार किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर 16 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 506,323 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

उच्च न्यायालय ने दिए थे सप्ताह भर में निराकृत करने के निर्देश, माह भर से भटक रहे शिक्षक

# युक्तियुक्तरण में विसंगति, आधे से अधिक अभ्यावेदनों का निराकरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

युक्तियुक्तकरण में त्रुटियों की भरमार के बाद माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर जिला स्तरीय कमेटी ने अभ्यावेदन देने वाले आधे से अधिक अतिशेष शिक्षकों के प्रकरणों का निपटारा नहीं हो सका है। खास बात यह है कि माननीय न्यायालय ने समिति को 7 दिनों के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन यहां महीने भर बाद भी आधे प्रकरणों का निराकरण नहीं हो सका है। थोक में दो दर्जन से अधिक अभ्यावेदनों को अमान्य करने के बाद भी तीन दर्जन से अधिक अभ्यावेदन लंबित है। ऐसे में इन शिक्षकों के समक्ष अभी तक अनिर्णय की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया। इस दौरान अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी हुई। जिसके आधार पर उन्हें अन्य विद्यार्थियों में समायोजित करने काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई, लेकिन अतिशेष शिक्षकों की सूची होने के साथ ही गड़बड़झाला सिलसिलेवार उजागर होने लगा। शिक्षकों को अतिशेष सूची में शामिल करने और हटाने को लेकर विकासखंड से लेकर जिला



शिक्षा विभाग के अमले ने बड़ा खेला कर डाला। कही कला संकाय को कला संकाय माना गया तो कही कला संकाय में हिन्दी विषय देखकर शिक्षकों को हिन्दी शिक्षक मानकर अतिशेष सूची में शामिल कर दिया गया। इसके अलावा ज्वाइनिंग तिथि को लेकर भी मनमानी के आरोप लगे। इस दौरान शिक्षकों ने मौके पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। बावजूद इसके उनकी शिकायतों पर निराकरण नहीं होने पर उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस दौरान 100 से अधिक शिकायतें मिली। दूसरी ओर माननीय न्यायालय ने शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला स्तरीय कमेटी को अभ्यावेदन लेकर 7 दिनों के भीतर प्रकरणों का निराकरण करने निर्देशित किया। बताया जाता है कि इस दौरान जिला स्तरीय कमेटी को 74 अभ्यावेदन मिले, जिनका निराकारण आज तक पूरा नहीं हो सका है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिला स्तरीय कमेटी ने 29 अभ्यावेदनों को थोक में अमान्य कर दिया है। वहीं 1 अभ्यावेदन पर निर्णय देते हुए संबंधित शाला के प्रधान पाठक को अतिशेष नहीं मानने का फैसला किया, जबकि कला संकाय को हिन्दी मानने संबंधित डेढ़ दर्जन अभ्यावेदन को संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर भेज दिया गया है, जहां निर्णय होने का इंतजार है। इसके अतिरिक्त दो दर्जन से अधिक अभ्यावेदनों पर निर्णय होना शेष है। इस तरह से देखा जाए तो कुल प्राप्त 74 में से 30 अभ्यावेदनों का ही निराकरण हुआ है, जबकि शेष अभ्यावेदनों पर अभी तक अनिर्णय की स्थिति बनी हुई है।

### वाह रे! शिक्षा अधिकारी खुद ही बना डाले नियम

युक्तियुक्तकरण में शिक्षकों को अतिशेष में शामिल करने अथवा हटाने को लेकर जांजगीर चांपा जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने खुद ही अपने तरीके से नियम बना डाले। बलौदा ब्लाक में कला संकाय में शिक्षक के स्नातक के विषय को आधार बनाकर अपने तरीके से कलाकारी करते हुए जूनियर के रहते सीनियर को अतिशेष कर दिया, तो नवागढ़ में कला संकाय को कला मानकर ही अतिशेष सूची जारी की गई। इसके अलावा अन्य ब्लाकों में इस तरह का खेला हुआ है। इस दौरान जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासनिक अमला पूरी तरह से घृतराष्ट्र बना रहा। खास बात यह है कि एक प्रकरण में संयुक्त संचालक का स्पष्ट आदेश भी आया, जिसमें भर्ती व पदोन्नति के आधार पर कला संकाय को हिन्दी नहीं माना गया है। इसी तरह का एक आदेश कोरबा कलेक्टर ने भी जारी किया है, लेकिन इन सबके बाद भी यहां की कमेटी निर्णय लेने में सक्षम लेने में नजर नहीं आ रही है।

### कर रहे निराकरण

अभ्यावेदनों का निराकरण किया जा रहा है। संभाग में भी प्रकरण भेजे गए है। जिनका निर्णय वहीं से होगा। शीघ्र ही सभी प्रकरण निराकृत हो जाएंगे।

**-अश्वनी भारद्वाज,**
डीईओ, जांजगीर

### अतिशीघ्र निर्णय

अभ्यावेदनों पर सुनवाई के बाद हमारे यहां 18 प्रकरण भेजे गए है। 15 का आदेश हमारे यहां से हुआ था, जिस पर निर्णय अनुसार आदेश जारी होगा। शेष जिला स्तर के है।

**-आर.पी. आदित्य,**
संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर

# कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने और लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

## आईजी ने शिवरीनारायण थाने में बैरक का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

बिलासपुर रेंज के महानिरीक्षक ने शिवरीनारायण थाने में बने बैरक का उद्घाटन किया। वहीं शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कि कहा कि सीसीटीवी कैमरा आपराधियों की पहचान और सबूत जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

गौरतलब है कि बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने गुरूवार 17 जुलाई को शिवरीनारायण थाना का दौरा कर नवनिर्मित पुलिस बैरक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर औपचारिक रूप से इस नव निर्मित भवन को पुलिस बल को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह बैरक कानून व्यवस्था को बनाए रखने में और अधिक सहयोग मिलेगा। डॉ.शुक्ला ने बताया कि पुलिस बल को बेहतर सुविधाएं देना आज की आवश्यकता है। विशेषकर उन पुलिस कर्मियों के लिए जो दूरदराज़ इलाकों में ड्यूटी करते हैं,उनके लिए ऐसी संरचनाएं न केवल मनोबल बढ़ाती हैं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करती हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात डॉ. शुक्ला ने नगर के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम को लेकर गंभीर चर्चा की। उन्होंने खास तौर पर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। यदि हर सार्वजनिक स्थल पर निगरानी रखी जाए,तो अपराध दर में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। आईजी डॉ.शुक्ला की नगर में कुल 30 सीसीटीवी कैमरे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 11 कैमरे नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए जा चुके हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय पांडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत संजीव बंजारे,अंकुर गोयल,विनोद शर्मा प्रकाश बंसल, गौरव केशरवानी, पिंटू भट्ट, ललित कश्यप मौजूद रहे।



बैरक का उद्घाटन करते आईजी संजीव शुक्ला।

### बेसिक पुलिसिंग व समन्वय स्थापित करने आईजी ने दिए मार्गदर्शन



**सक्ती।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला द्वारा गुरूवार 17 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सक्ती का दौरा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के समग्र पुलिस कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी समय में प्रभावी कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बेसिक पुलिसिंग एवं नवाचार का समन्वय स्थापित करते हुए जिला पुलिसिंग में विभिन्न कार्ययोजनाओं पर अपना मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित पुलिस लाइन को लेकर अपने सुझाव भी दीया तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रूपरेखा पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेंज पौधरोपण अभियान" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर, सक्ती में पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा पौधरोपण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






# वॉर 2 का नया पोस्टर जारी, ऋतिक एनटीआर के बीच जबरदस्त टक्कर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वॉर 2 का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में फिल्म के तीनों लीड एक्टर्स ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के किरदार के बीच जबरदस्त टक्कर की झलक है। इस पोस्टर पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। वॉर 2 के पोस्टर में ऋतिक हाथों में तलवार लिए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर एनटीआर भी गुस्से में हैं। वहीं, कियारा आडवाणी हाथ में बंदूक लिए दिख रही हैं। साथ ही पोस्टर में नीचे ऋतिक और जूनियर एनटीआर बोट पर एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। ऋतिक को अपनी एक्शन इमेज के लिए बॉलीवुड में जाना जाता है।

## लाइफ Style



# कैटरीना
## बॉलीवुड को दिए बेहतरीन आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड को टाइगर 3, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान, फितूर, धूम 3, जब तक है जान, दे दना दन और अजब प्रेम की गजब कहानी जैसी फिल्में दी हैं। उन्होंने कई फिल्मों के आइटम नंबर में बेहतरीन डांस किया है। साल 2013 में आमिर खान की फिल्म धूम 3 रिलीज हुई थी।


इस फिल्म में कैटरीना कैफ ने 'कमली कमली' गाने पर बेहतरीन डांस किया। इस गाने में उनके एनर्जेटिक डांस को देखकर उनके फैंस हैरान रह गए। इस गाने को सुनिधि चौहान ने आवाज दी। इसका म्यूजिक प्रीतम ने दिया था जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा था। साल 2010 में अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म 'तीस मार खान' रिलीज हुई। इस फिल्म का गाना 'शीला की जवानी' बहुत मशहूर हुआ। यह हर शादी और दूसरे समारोहों में खूब बजाया गया। इस गाने को विशाल ददलानी और सुनिधि चौहान ने गाया था। इसके बोल विशाल ददलानी ने ही लिखे थे। इस गाने को विशाल शेखर ने म्यूजिक दी थी। कैटरीना कैफ का गाना 'काला चश्मा' आज भी लगभग हर पार्टी और फंक्शन में बजता है। गाने पर कैटरीना कैफ ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जबरदस्त डांस किया था। इस गाने के स्टेप को भी खूब कॉपी किया गया। यह गाना फिल्म 'बार बार देखो' का है। इस गाने को अमर अर्शी, बादशाह और नेहा कक्कड़ ने आवाज दी है। इस गाने को अमरीक सिंह और कुमार ने म्यूजिक दी थी। साल 2008 में आई फिल्म 'रेस' में 'जरा जरा टच मी' गाना था। इस गाने को युवा लोगों ने खूब पसंद किया।

## हॉलीवुड मसाला



# मंगेतर बेनी की दुल्हन बनेंगी सेलेना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज और म्यूजिक प्रोड्यूसर बेनी ब्लैंको ने आखिरकार अपनी शादी की तारीख तय कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये स्टार कपल सितंबर 2025 में कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में शादी करने जा रहा है। खास बात ये है कि ये शादी के पूरे रिति-रिवाजों को दो दिन में पूरा किया जाएगा और इसमें इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरे शामिल होने वाले हैं। पिछले कुछ महीनों से ये कपल अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बना हुआ है।




# 2009 से अमेरिकन आइडल से जुड़ी थीं रॉबिन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर रियलटी शो अमेरिकन आइडल की सुपरवाइजर रॉबिन केय और उनके संगीतकार पति टॉम डेलुका लॉस एंजिल्स के अपने घर में मृत पाए गए। दोनों के शव तब मिले जब उनके घर पर वेलफेयर चेकिंग के लिए अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने वहां पर गोली लगने से घायल हुए एक महिला और पुरुष के शव देखे। बाद में उनकी पहचान रॉबिन केय और उनके पति टॉम डेलुका के रूप में हुई। अमेरिकन आइडल के प्रवक्ता ने अपने एक बयान में कहा कि रॉबिन 2009 से आइडल परिवार की आधारशिला रही हैं और उनके संपर्क में आने वाले सभी लोग उन्हें प्यार और सम्मान देते थे। वो हमेशा हम सभी के लिए खास रहेंगी।



# सच्ची घटना पर फिल्म करना आसान नहीं

**मुंबई।** मोहब्बतें फेम अभिनेत्री प्रीति झांगियानी को आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म तावड़ो में देखा गया था। अब वे फिल्म उदयपुर फाइल्स में पत्रकार अंजना सिंह की भूमिका निभा रही हैं। सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म इन दिनों चर्चा में है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार काम कर रही थी। फिल्में न सही, लेकिन ऐड फिल्म्स, शोज और कई प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हुई थी। बात करूं इस फिल्म की तो ये एक सच्ची घटना पर बनी है और मुझे हमेशा से ऐसी कहानियां पसंद हैं जो असल जिंदगी से जुड़ी हों। जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो बिना देर किए तुरंत हां कर दी। इस तरह की कहानी पर काम करना किसी भी कलाकार के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। ये सिर्फ एक किरदार निभाने की बात नहीं होती। ये एक असल इंसान का दर्द और उसकी तकलीफ को पर्दे पर लाने की जिम्मेदारी होती है।



# हमेशा के लिए बदल गई हमारी दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड के लवली कपल में शामिल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के घर नन्ही परी आई है। कपल ने अब एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद फैंस दोनों को बधाइयां दे रहे हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के बेटी होने की खबर मंगलवार रात सामने आई थी। अब बुधवार कपल ने खुद इस बात की जानकारी दी है कि वो एक प्यारी सी बेटी के पैरेंट्स बन गए हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में लिखा है, हमारे दिल खुशियों से भरे हैं और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी की प्राप्ति हुई है। पोस्ट में नीचे सिद्धार्थ और कियारा के नाम लिखे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सिद्धार्थ ने सिर्फ दिल, नजर और हाथ जोड़े वाले इमोजी का इस्तेमाल किया है।

## टीवी मसाला



# सुम्बुल तौकीर का तेज दिमाग देख बिग बी भी रह गए दंग

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉप्युलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' अमिताभ बच्चन के साथ जल्द आने वाला है। इसकी रिलीज डेट तो कुछ समय पहले ही आई थी। लेकिन, अब एक नया प्रोमो आया है, जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है। क्योंकि, इसमें सुम्बुल तौकीर खान हैं और इसे अभिषेक बच्चन ने बहुत ही अलग अंदाज में शेयर किया कि हर किसी को बिग बी की 'अग्निपथ' याद आ गई। 'कौन बनेगा करोड़पती सीजन 17' अगले महीने की 11 अगस्त से रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा अभिषेक बच्चन ने यहां अमिताभ बच्चन के उस एक्सेंट में अपॉइंटमेंट लिखा है, जो उन्होंने 'अग्निपथ' में इस्तेमाल किया था। इसके अलावा, प्रोमो में सुम्बुल तौकीर खान एक रेस्टोरेंट की मैनेजर के रूप में दिख रही हैं, जो कुछ नौजवानों को मंचूरियन की उत्पत्ति के बारे में बता रहे हैं। और ये देख अमिताभ बच्चन इम्प्रेस हो जाते हैं। वह टशन में वहां से गुजर जाती हैं। इस प्रोमो में बेनहाफशा भी दिखाई दे रही हैं, जो सुम्बुल के किरदार का मजाक उड़ाती हैं। अब थोड़ी ज्ञान की बात। सुम्बुल तौकीर ने जैसा प्रोमो में बताया कि चाइनीज मंचूरियन शेफ नेल्सन वॉन्ग ने 1975 में इंडिया, यहीं मुंबई में इन्वेंट किया था। अब ये सुनकर अमिताभ बच्चन बोलते हैं, 'जहां अकड़ है। वहां अक्ल है।' अब इस लाइन पर लोगों का दिल झूम उठा। यूजर्स ने इसे केबीसी का अब तक का सबसे बेस्ट एड बताया है।

## आशी का हुआ कास्टिंग काउच से सामना

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस आशी सिंह इस वक्त शब्बी अहलूवालिया के साथ 'उफ्फ... ये दिल है मुश्किल' में नजर आ रही हैं। इसके अलावा, वह मुनव्वर फारूकी की सीरीज 'फर्स्ट कॉपी' में भी आफरीन के किरदार में



दिखाई दी थीं। वह अपने अभिनय से किसी भी रोल में चार चांद लगा देती हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए उनको काफी मेहनत करनी पड़ी। बहुत कुछ झेलना पड़ा। इसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू में किया। बताया कैसे उन्होंने कास्टिंक काउच का सामना किया। उन्होंने बताया, 'शुरुआत में मैं ऑडिशन देने जाती थी। मुझे याद है मेरे साथ ऐसा दो-तीन बार हुआ था। लोग मुझे रोल ऑफर करते थे और उसके बदले कुछ करने के लिए कहते थे। कोई था जो चाहता था कि मैं घर पर बैठी रहूं और उसके किसी प्रोजेक्ट के आने का इंतजार करूं। वो मुझमें इन्वेस्ट करना चाहता था। मैं समझ गई थी कि वह किसी और ही दिशा में जा रहा है।' आशी सिंह ने आगे बताया, 'कोई और था, जिसने मुझे पांच लड़कियों में से चुना। उसने मुझसे कहा कि मैं प्रोड्यूसर से अकेले कमरे में मिलूं।



# फरहीन को कहते थे छोटी माधुरी

**नई दिल्ली।** फरहीन खान ने रोनित रॉय के साथ साल 1992 में कल्ट हिट फिल्म 'जान तेरे नाम' से धूम मचाया था। वो रातोंरात फेमस हो गई थी। अपनी प्यारी सी मुस्कान और डांस मूव्स ने उन्हें बॉलीवुड में जगह बनाने में कामयाब कर दिया था। फैंस उन्हें माधुरी की हमशक्ल कहते थे। कई लोग उन्हें 'छोटी माधुरी' बुलाते थे। उनकी पहली ही फिल्म उस दशक की रोमांटिक फिल्मों में से एक बन गई। आज भी इसके गाने लोग याद करते हैं। एक तरफ फरहीन का करियर चरम पर था तो दूसरी तरफ उन्होंने जिंदगी बदल देने वाला बड़ा फैसला लिया। उन्होंने एक हिंदू क्रिकेटर से शादी कर ली। इनका नाम था मनोज प्रभाकर। मनोज का अपने पिछले रिश्ते से एक बच्चा भी था। ऐसे दौर में जब माधुरी, दिव्या भारती, काजोल, करिश्मा कपूर और रवीना टंडन पर्दे पर छाई हुई थीं, फरहीन ने चुपचाप फिल्म जगत से किनारा कर लिया। सिर्फ पांच सालों में उन्होंने 17 फिल्मों में काम किया और फिर अपनी फैमिली लाइफ पर फोकस करने के लिए पूरी तरह से फिल्मों से दूर हो गईं। फरहीन ने हिंदी के अलावा कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी काम किया था। साउथ इंडियन फिल्मों में उन्हें 'बिंदिया' के नाम से क्रेडिट दिया गया। फरहीन और मनोज के दो बेटे हैं। इनका नाम राहिल और मानवांश है। फरहीन और मनोज दोनों ही लाइमलाइट से दूर दिल्ली में रहते हैं। मनोज का पहली वाइफ से हुआ बेटा रोहन और उसकी वाइफ भी उनके साथ ही रहते हैं।

# सेवरेंस सीरीज ने झटके 27 नॉमिनेशन द स्टूडियो और एडोलसेंस की भी धूम

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान हो गया है। इस लिस्ट में सेवरेंस सीजन 2 को जहां 27 नॉमिनेशन मिले हैं, वहीं द स्टूडियो' को 23 नामांकन मिले हैं। बीते दिनों पॉपुलर रही एडोलसेंस को भी 13 नॉमिनेशन मिले हैं। बीते कुछ साल में वेब सीरीज और ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों का बोलबाला बढ़ा है। सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्मों से ज्यादा टीवी सीरीज की चर्चा अधिक रहती है। जिस तरह फिल्मों के लिए ऑस्कर अवॉर्ड अहम है, उसी तरह ग्लोबल लेवल पर छोटे पर्दे के सबसे बेहतरीन शोज और फिल्मों में एमी अवॉर्ड का जलवा रहता है। मंगलवार को एमी अवॉड्‌र्स 2025 के लिए नॉमिनेशंस में सेवरेंस और द स्टूडियो' की चर्चा सबसे अधिक रही है।

## एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान



### 'द पेंगुइन को 24 नॉमिनेशन

द स्टूडियो के को-क्रिएटर सेठ रोजेन को अकेले तीन नॉमिनेशन मिले हैं। इनमें एक्टिंग, राइटिंग और डायरेक्शन तीनों शामिल हैं। बैटमैन यूनिवर्स से एचबीओ के डार्क ड्रामा 'द पेंगुइन' को भी लिमिटेड सीरीज में आश्चर्यजनक रूप से 24 नॉमिनेशन मिले हैं, इसमें लीड रोल के लिए कॉलिन फैरेल और क्रिस्टिन मिलियोटी को भी नामांकन मिला है।

### किन भारतीयों को मिला है ये पुरस्कार

एमी अवॉर्ड को आमतौर पर 'एमी' कहा जाता है। यह वैश्विक मंच पर टेलीविजन इंडस्ट्री का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। एमी अवॉर्ड, जहां अमेरिका में प्रसारित होने वाले शोज को दिया जाता है, वहीं एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड अमेरिका से बाहर देशों में बने शोज को दिया जाता है। सबसे पहला एमी अवॉर्ड 1948 में दिया गया था। तब 25 जनवरी, 1949 को हुए समारोह में 6 पुरस्कार दिए गए थे। साल 2023 में एकता कपूर एमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उसी साल वीर दास को भी उनके कॉमेडी स्पेशल वीर दासः लैंडिंग के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड दिया गया।

## नितेश तिवारी की रामायणम फिल्म पर खर्च हो रहे हैं 4000 करोड़

# 38 साल पहले रामानंद सागर ने 7 करोड़ में ही देसी जुगाड़ से बनाया था शो

*__नई दिल्ली।__ नितेश तिवारी की 'रामायणम' 4000 करोड़ में बन रही है और इसके वीएफएक्स पर भी करोड़ों रुपए लगाए गए हैं, पर रामानंद सागर ने 38 साल पहले ऐसी-ऐसी तरकीबें लगाकर जुगाड़ से 7 करोड़ में 'रामायण बना डाली थी कि सब हैरान रह गए। इसने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' की चर्चा शुरू हुई, तभी से रामानंद सागर की 'रामायण' की भी चर्चा होने लगी। रामानंद सागर की 'रामायण' 38 साल पहले बनी थी, और आज भी इसे फिल्म और टीवी की दुनिया में इस पौराणिक महाकाव्य पर बनी फिल्मों और शोज के लिए बेंचमार्क माना जाता है। भगवान राम, सीता और रावण की गाथा पर अब तक कई फिल्में और सीरियल बने, पर वो रामानंद सागर की 'रामायण' को छू भी न सके। करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद वह 'रामायण' के आसपास भी नहीं पहुंचे, जिसे रामानंद सागर ने करीब चार दशक पहले जुगाड़ से शूट किया था। अब जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' का टीजर आया है, तो एक बार फिर रामानंद सागर की 'रामायण' सुर्खियों में है। 'रामायणम' के स्पेशल इफेक्ट्स और बीजीएम की खूब तारीफ हो रही है। 4000 करोड़ के मेगा बजट वाली इस फिल्म के वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स 8 ऑस्कर जीत चुके नमित मल्होत्रा की कंपनी प्राइम फोकस लिमिटेड तैयार कर रही है, जो 'ड्यून', 'स्टार वॉर्स', 'इंसेप्शन' और 'इंटरस्टेलर' जैसी हॉलीवुड फिल्मों का वीएफएक्स तैयार कर चुकी है। लेकिन, यहां हम आपको बता रहे हैं कि रामानंद सागर ने बिना किसी तकनीक और वीएफएक्स के कैसे 'रामायण' बनाई थी।*

### सीडीआई और वीएफएक्स तक नहीं थी पहुंच

80 के दशक में जिस वक्त सीजीआई और वीएफएक्स की तकनीक तक इतनी पहुंच नहीं थी, तब रामानंद सागर ने जुगाड़ से भारतीय टेलीविजन के इतिहास का सबसे सफल और रिकॉर्ड ब्रेकिंग सीरियल बनाया था। 'रामायण' में 78 एपिसोड थे। हर एपिसोड को बनाने में 9 लाख रुपए खर्च हुए थे। इस हिसाब से 'रामायण' 7 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई थी। इसे पहली बार दूरदर्शन पर साल 1987 में टेलिकास्ट किया गया था।

### रामायणम में तगड़ा वीएफएक्स

वहीं, रामायणम को तीन पाट्‌र्स में रिलीज किया जाएगा। इन तीनों पाट्‌र्स को बनाने में 4000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स होंगे। इसके वीएफएक्स नमित मल्होत्रा की कंपनी डिजाइन कर रही है। नमित 8 बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके हैं।

### मोटे पाइप से मोड़कर बनाई थी हनुमान जी की पूंछ

वहीं, हनुमान जी की पूंछ को बड़ा दिखाने के लिए भी जुगाड़ लगाया गया। रबड़ का एक लंबा और मोटा पाइप मंगाकर उसे मोल्ड करके पूंछ बनाई गई। फिर कैमरे की मदद से उसे छोटा और बड़ा दिखाया जाता था।



### असल में 4 फुट का था रावण का महल

अब तो वीएफएक्स के जरिए 'रामायणम' में लंका पति रावण का महल भी खूब आलीशान दिखाया जाएगा, पर रामानंद सागर ने रावण के महल के लिए दिवंगत आर्ट डायरेक्टर हीराभाई पटेल की मदद ली थी। उनके बेटे विपिन पटेल ने 'मेन्स एक्सपी' को एक बार बताया था कि रावण का महल मिनिएचर बनाया गया था। यह सिर्फ 4 फीट ऊंचा था, पर उसे ट्रिक फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से छोटा-बड़ा दिखाया जाता था।

***ऐसे उड़ाया था जटायु :*** 'रामायण' में जटायु को उड़ाए जाने वाले सीन में भी खूब जुगाड़ लगाया गया था, जिसका खुलासा सुनील लहरी ने एक वीडियो में किया था। उन्होंने बताया था कि जटायु का रोल करने वाले एक्टर के हाथ पहले उसके भारी कॉस्ट्यूम पर बांध दिए जाते थे, ताकि वह पंखों को हिला सके। फिर उसे एक हुक की मदद से उड़ाया जाता था।

### तीर टकराने के लिए इस्तेमाल की थी ये तरकीब

रामायण में रामानंद सागर ने युद्ध वाले सीन में तीर और अस्त्रों के टकराव और उससे पैदा होने वाले स्पेशल इफेक्ट्स के लिए जो ट्रिक अपनाई थी, वो हैरान कर देगी। रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर ने बताया था कि जिस समय 'रामायण' बन रहा था, एक नई मशीन सीईजी 2000 लॉन्च हुई थी। उसी की मदद से तीर-कमान वाले स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए गए थे। तीरों के टकराने पर जो रोशनी निकलती, उसके लिए शीशे की मैटिंग और मैकेनिकल इफेक्ट का इस्तेमाल किया गया था।

### अगरबत्ती और धूप से बनाया धुआं, तो रुई से बादल

प्रेम सागर ने बताया था कि उस वक्त कोई स्पेशल कंप्यूटर नहीं थे, जिनसे स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए जा सकें। प्रेम सागर के मुताबिक, रात में शूट करते वक्त बादल बनाने के लिए उन्होंने रुई का इस्तेमाल किया था। रुई को बादल की शेप देकर कैमरे पर चिपका दिया जाता और फिर शूट किया जाता। वहीं, अगरबत्ती के धुएं से उन्होंने कोहरा बनाया था।

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### परियोजना समन्वयक भर्ती, सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना समन्वयक पद पर संविदा भर्ती हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य, समाजशास्त्र, बाल विकास, मानव अधिकार, लोक प्रशासन, मनोविज्ञान, विधि, जनस्वास्थ्य, सामुदायिक संसाधन, प्रबंधन के विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उपरोक्त विषयों में स्नातक अंकित होने से द्विभाषी हो जाने से समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार स्नातक को मान्य करते हुए अंक प्रदाय किया गया था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में समिति द्वारा पुनः निर्णय लिया जाकर प्राप्त आवेदन में से शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्नातकोत्तर योग्यताधारी को स्नातकोत्तर तथा स्नातक योग्यताधारी को स्नातक का अंक प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया जाकर पात्र अपात्र की सूची तैयार की गई है, शीघ्र ही दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए कौशल एवं लिखित परीक्षा आयोजित कर नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

### बासीन की महिलाओं ने की शराब बंदी की मांग

**कोरबा।** शराब से गांव का माहौल खराब हो रहा है। जिसे लेकर श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन की महिलाओं ने गांव में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसे लेकर महिलाओं ने कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को समस्या से अवगत कराया है। महिलाओं ने बताया कि छह माह पहले गांव को शराब मुक्त गांव बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों में सहमति बनी थी, लेकिन अब भी अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इसका गांव के बच्चों पर कुप्रभाव पड़ रहा है। शराब के नशे में कई लोग आपस में विवाद करते हैं। इससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। इसका बच्चों के पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। शाम होने के बाद युवती और महिलाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। परेशान महिलाओं ने अवैध शराब विक्रेता करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### एटीएम में पट्टी लगाकर लोगों के पैसों की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** दो शातिर चोरों द्वारा एटीएम मशीनों में चलाकी के साथ पट्टी लगाकर लोगों के पैसे लूटने का कार्य किया जाता था। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मो अरफात शेख और इशरत के रूप में हुई है। दोनों यूपी के प्रतापगढ़ अचलपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा स्थित एक एटीएम के भीतर अपनी योजना को अंजाम देते थे।

## मामला पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आए छात्रों का

# परिणाम के दो माह बाद पहुंची अंकसूची, पूरक परीक्षा कब होगी अब तक नहीं है कोई निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 14 साल बाद पांचवीं, आठवीं की ली गई बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल में घोषित होने के बाद उसकी अंकसूची आने में दो माह लग गए और परीक्षा परिणाम में जिन छात्रों को पूरक की पात्रता मिली उनकी पूरक परीक्षा कब होगी नए शिक्षण सत्र के शुरु होने के एक माह बाद भी इसके लिए कोई निर्देश जारी नहीं किए गए। छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे हैं।

**खास बात**

- अप्रैल माह में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठे छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में घोषित किया गया था उसके बाद से अंकसूची के लिए स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं को दो माह तक इंतजार करना पड़ा और अब जब अंकसूची मिल गई है तो पूरक आये छात्रों के सामने परीक्षा की स्थिति को लेकर भटकने की स्थिति निर्मित हो गई है। कब पूरक परीक्षा होगी और कब इसका रिजल्ट निकलेगा इसके संबंध में छात्र और उनके अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन भी स्पष्ट रुप से कोई जवाब नहीं दे पा रहा है। शासकीय स्कूलों के छात्र किसी तरह स्थानीय व्यवस्था पर अगले क्लास में बैठ रहे हैं किंतु स्थानांतरण में बाहर से आये छात्रों के सामने प्रवेश को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है। बिना अंकसूची ऐसे छात्रों को प्रवेश ही नहीं मिल रहा है। कुछ छात्र आठवीं की परीक्षा निजी स्कूल से देने के बाद जब 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए शासकीय स्कूल में पहुंच रहे हैं तो उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है। निजी स्कूलों में पूरक आने वाले छात्रों को अगली कक्षा में भी बैठने में परेशानी खड़ी हो रही है। इसे देखते हुए उनके अभिभावक जब शासकीय स्कूल पहुंच रहे हैं तो उनसे छात्र से उत्तीर्ण होने की अंकसूची मांगी जा रही है जो उनके पास नहीं है। पूरक परीक्षा कब होगी इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के द्वारा अब तक किसी भी स्कूल को जारी नहीं की गई है जबकि 16 जून से नये शिक्षण सत्र को शुरु हुए एक माह बीत चुका है तो वहीं परीक्षा परिणाम को घोषित हुए दो माह का लंबा समय बीत गया है।


फाइल फोटो

**पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार**

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार है। ऐसे छात्रों के सामने परीक्षा को लेकर स्कूल का चक्कर काटने की मजबूरी हो गई है। स्कूल प्रबंधन अपने स्तर पर पांचवीं में पूरक आये छात्रों को छठवीं कक्षा में बैठा रहे हैं। वहीं 8वीं कक्षा में पूरक आने वाले छात्रों को 9वीं कक्षा में बैठाया जा रहा है किंतु जब पूरक परीक्षा की अंकसूची नहीं मिल जाती तब तक ऐसे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। जबकि पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में पूरक आने वाले छात्रों की कक्षाएं जून माह में शुरु हो जाती थी।

**अंकसूची में भी मिल रही गड़बड़ियां**

केंद्रीयकृत परीक्षा होने के कारण छात्रों के अंकसूची भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा राजधानी से जारी की गई है। जब अंकसूची छात्रों को मिली तो उस अंकसूची में जाति, दाखिल खारिज नंबर एवं नाम को लेकर बड़ी संख्या में गलतियां सामने आयी है। उन गलतियों को सुधारने के लिए स्कूल प्रबंधन ने अंकसूची देने के बाद ऐसे छात्रों से अंकसूची वापस ले लिया है जिनकी अंकसूची में गलतियां सामने आयी है। उक्त अंकसूची की गलतियां कब तक सुधरेगी इस संबंध में विभाग के द्वारा स्पष्ट नहीं की गई है। दोनों ही मामलों में छात्र छात्राओं के सामने भटकने के अलावा और कोई चारा सामने नहीं आता।

# प्रतिबंध के बाद भी जलाशयों में हो रहा था मछली का शिकार, विभाग ने की कार्यवाई



कार्यवाही करते अधिकारी एवं जप्त की गई मछली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मछली पालन विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रोक लगाए जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में मछली मारने का काम स्थानीय लोगों के द्वारा किया जा रहा था। जिसकी जानकारी विभाग को मिलने के बाद मंगलवार को विभाग के उड़नदस्ता टीम ने छापेमार कार्यवाही कर जाल और अन्य सामान जब्त किये।

**खास बातें**

- एतमानगर बांगो, हसदेव जैसे बड़े जलाशयों में पहुंची विभाग की टीम
- टीम के पहुंचने पर जाल छोड़कर भागे मछुआरे

ग्रामीण अंचलों के जलाशयों में इस समय बड़े पैमाने पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मछली का शिकार किया जा रहा है और उन्हें लोकल मार्केट में बेधड़क बेचा जा रहा है। जबकि विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंद लगाया गया है उसके बावजूद बेधड़क मछली मारने का काम किया जा रहा है।

इसकी सूचना सहायक संचालक केके बघेल को मिलने के बाद उन्होंने विभागीय टीम को दबिश देने के निर्देश दिए। विभागीय टीम के द्वारा 15 जुलाई को हसदेव नदी के जामकछार, घौसरा, गड़रा, मीडियाकछार एवं बांगो जलाशय के एतमा नगर क्षेत्र में औचक निरीक्षण किये तो वहां कई स्थानों में ग्रामीण जाल के द्वारा मछली मारने का काम देखे गए। कुछ जलाशयों में तो छोटी नाव के द्वारा भी मछली का शिकार किया जा रहा था। टीम जब गड़रा पहुंची तो मछली मारने वाले जाल छोड़कर भाग खड़े हुए। वहीं जामकछार में पठान घाट के पास स्थानीय मछुआरों को रंगे हाथ पकड़ा गया। चेतावनी देने के बाद छोड़ा गया।

**कार्यवाही की गई है**

मत्स्य विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में मत्स्य आखेट की जानकारी मिल रही थी जिसके मद्देनजर 15 जुलाई को विभाग के टीम ने ग्रामीणों को मत्स्य आखेट करते हुए पकड़ा है। कुछ सामग्रियां भी जब्त हुई है।

-केके बघेल,
सहायक संचालक मत्स्य विभाग

# बांकी पालिका में उलझे सांसद प्रतिनिधि और लेखापाल, तीखी बहस के साथ झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां सांसद प्रतिनिधि और लेखापाल के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस होने लगी। देखते ही देखते नौबल झूमा झटकी तक जा पहुंची। इस दौरान बीच बचाव कर रहे महिला कर्मी व अन्य लोगों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष मौजूद नहीं थीं व सीएमओ टीएल मीटिंग में शामिल होने मुख्यालय गई हुई थीं। सूत्रों की मानें तो 15 जुलाई को नगर पालिका परिषद का कामकाज सामान्य तरीके से चल रहा था और लोग अपने-अपने टेबल पर काम निपटा रहे थे। इस दौरान एक नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक सुधार कार्य कराने के लिए पालिका कार्यालय पहुंचा। चूंकि आधार कार्ड का कार्य करने वाला कर्मचारी नहीं आया हुआ था इसलिए उक्त व्यक्ति द्वारा अपने आधार कार्ड में संशोधन के लिए आवक-जावक टेबल पर बैठे महिला कर्मचारी सुषमा निराला से पावती मांगी गई, जिस पर महिला कर्मचारी ने कहा कि पावती देना संभव नहीं है, आप सीधे आधार केंद्र में जाकर भी सुधार कार्य करा सकते हैं। नागरिक का तर्क था कि बाहर जाने पर 100 रुपए लिया जाता है। महिला कर्मचारी ने उसे स्पष्ट किया कि जो शुल्क निर्धारित किया गया है ।वह तो लगेगा ही, चाहे आप कार्य कहीं भी कराएं। इस बात पर नागरिक भड़क उठा और कहने लगा कि बिना पैसे लिए कहीं भी काम नहीं होता और पालिका में भी बिना लेन-देन के काम नहीं हो रहा है। इस बात पर महिला कर्मचारी के द्वारा नागरिक को सफाई देकर संतुष्ट किया जा रहा था कि इसी दौरान यहां सांसद प्रतिनिधि प्रदीप अग्रवाल पहुंच गए। शोर सुनकर उन्होंने इस घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनाता देखकर लेखापाल सामने आए और उन्होंने इस तरह से कार्यालय में बेवजह की बात का वीडियो बनाने पर आपत्ति जाहिर की। जिस पर सांसद प्रतिनिधि श्री अग्रवाल भड़क गए कि मुझे वीडियो बनाने से कैसे रोक सकते हो और इसी बात को लेकर बहस इतनी बढ़ गई कि लेखापाल और सांसद प्रतिनिधि विवाद करते हुए मुख्य द्वार तक पहुंच गए। इस दौरान पालिका के कर्मचारियों से लेकर यहां काम के सिलसिले में आए लोगों की भीड़ लग गई। बात इतनी बढ़ गई थी कि सांसद प्रतिनिधि भी उखड़ गए और लेखापाल ने भी आपा खो दिया और फिर दोनों एक-दूसरे का कॉलर तक पकड़ लिए।

**खास बात**

- लेखापाल ने ककहा यहां नेतागिरी मत करो, प्रतिनिधि ने कहा मैं यहीं नतागिरी करूंगा


झूमाझटकी करते लेखापाल व सांसद प्रतिनिधि।

### एसएनसीयू में अब 12 की जगह मिलेगी 18 बिस्तर की सुविधा

**कोरबा।** स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होने वाली है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर अजीत वसंत ने एनटीपीसी को सीएसआर मद से स्वास्थ्य सुविधा हेतु उपकरण और सामग्री के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया था। प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात एनटीपीसी ने मेडिकल कालेज में नवजात शिशुओं के उपचार की सुविधा में वृद्धि के लिए और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा में एक्सरे की सुविधा के लिए एक करोड़ पांच लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि की स्वीकृति से मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग में बिस्तरों की संख्या 12 से बढ़कर 18 हो जाएगी। वहीं पीएचसी कोरबा में पोर्टेबल एक्सरे मशीन की व्यवस्था होने से यहां आने वाले मरीजों को एक्सरे जांच के लिए निजी अस्पताल नहीं जाना पडेग़ा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग से मांग आई थी कि स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के शिशु रोग विभाग में नवजात शिशु ईकाई (एसएनसीयू) में विगत कुछ वर्षों से नवजात शिशुओं की भर्ती में वृद्धि हुई है। जिसकी वजह से बिस्तरों की संख्या कम पड़ रही है। यहां नवजात शिशुओं के उपचार हेतु बिस्तरों की संख्या को 12 से बढ़ाकर 18 करने का प्रस्ताव दिया गया था।

# मेगा शिविर में 81 पात्र हितग्राहियों को वितरण किया गया नौकरी का नामांतरण फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम रिसदी में भू-विस्थापितों के रोजगार व मुआवजा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए एसईसीएल व राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम रिस्दी में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 81 पात्र हितग्राहियों को नौकरी के लिए नामांकन फार्म का वितरण किया गया। साथ ही 160 भूविस्थापितों का मुआवजा व नौकरी संबंधित शपथ पत्र भी तैयार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत खोडरी के आश्रित ग्राम रिसदी का अधिग्रहण एसईसीएल की कुसमुंडा खदान के लिए किया गया है। इस गांव का कोल बेयरिंग एक्ट-1957 के तहत इसका पूर्ण रूप से अर्जन किया जा चुका है। अब इसके डिसेंडिंग आर्डर को स्वीकृति मिल चुकी है। शिविर में इसके अंतर्गत नौकरी के पात्र भूविस्थापितों के मुआवजा प्रक्रिया को पूरा करने व अन्य लंबित प्रकरणों निराकरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से 81 पात्र हितग्राहियों को नौकरी के लिए उनकों नामांकन फार्म का वितरण किया गया। इसके अलावा 160 भूविस्थापितों को नौकरी व मुआवजा के लिए शपथ पत्र तैयार किया गया। इसके अलावा 158 खातेदारों में से 36 खातेदारों के भू-अभिलेख का सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही 18 फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान 42 भूविस्थापितों ने फौती नामांतरण के लिए आवेदन भी दिया है। इसी तरह फौती नामांतरण संबंधित प्रकरणों का निराकरण, हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच और उनका सुधार किया गया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 205 / दिनांक 20/06/2025
ग्राम बीरभांठा, तहसील मालखरौदा

आवेदक चंद्रकांत मानिकपुरी, उम्र 34 वर्ष पिता मानिकदास जाति पनिका, निवासी ग्राम बीरभांठा, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका उषा मराबी, उम्र 36 वर्ष पिता श्री भोला सिंह जाति गोंड, निवासी ग्राम बीरभांठा, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

विरुद्ध

छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम बीरभांठा, तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रकांत मानिकपुरी, उम्र 34 वर्ष पिता मानिकदास जाति पनिका, निवासी ग्राम बीरभांठा, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका उषा मराबी, उम्र 36 वर्ष पिता श्री भोला सिंह जाति गोंड, निवासी ग्राम बीरभांठा, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ०ग०) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25/07/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 202507310200001/बी-121/2024-25
ग्राम-परसाडीह, तहसील डभरा

आवेदक भगत बर्मन, उम्र 24 वर्ष पिता श्री नंदकिशोर, जाति सतनामी निवासी ग्राम परसाडीह, तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका लिलम, उम्र 25 वर्ष पति भगत बर्मन पिता दुजराम यादव, जाति राउत, निवासी ग्राम परसाडीह, तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.)

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम परसाडीह, तहसील जैजैपुर को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक भगत बर्मन, उम्र 24 वर्ष पिता श्री नंदकिशोर, जाति सतनामी निवासी ग्राम परसाडीह, तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका लिलम, उम्र 25 वर्ष पति भगत बर्मन पिता दुजराम यादव, जाति राउत, निवासी ग्राम परसाडीह, तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत अनुष्ठापित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि दोनों का विवाह दिनांक 14.06. 2025 स्थान ग्राम परसाडीह तहसील जैजैपुर में सम्पन्न हुआ हैं। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बलौदा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

// ज्ञापन //

क्र/क/तह./वा/2025
बलौदा दिनांक 16/07/2025 रा.प्र.क्र
किरण देवी गुप्ता पिता रामनारायण गुप्ता निवासी बलौदा तह.बलौदा जिला जांजगीर चांपा

एतद द्वारा सर्वधारणा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका किरण देवी गुप्ता पिता ग्राम बलौदा तह.बलौदा के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें आवेदिका स्वयं के जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदिका का जन्म दिनांक 10.07.1963 हैं। अत: जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन के संबंध में किसी भी को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभासक के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकते है।

अत: सर्वधारणा को सुचित किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो आज प्रकरण में सुनवाई दिनांक 25/07/25 को स्वयं या अपने वैद्य अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 16/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन शील एवं मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, बलौदा

TOP IN JANJGIR
जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बालरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ ने किया ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यक्रम



**डभरा।** गायत्री शक्तिपीठ डभरा द्वारा 13 जुलाई को सुबह 10 बजे से ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय नारी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला में डभरा नगर पंचायत एवं आसपास के गांव से माता बहनों ने एवं गायत्री परिजन और अन्य समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शांतिकुंज प्रतिनिधि श्रीमती नेहा गुप्ता, श्रीमती डॉक्टर ऋतंभरा कश्यप, शक्ति राज गुप्ता, महेश साहू, मोहन साहू, सकराजो पटेल, गायत्री शक्तिपीठ डभरा के अध्यक्ष शिवकुमार भोई, भोग सिंह सिदार, मुरलीधर चंद्रा, नरेश पटेल, घुराउ चौहान नीलकंठ साहू, गुरुत भोई भोपाल पटेल फूलचंद चंद्रा गोपाल यादव उमाशंकर श्रीवास अमरूद साहू घासीराम जगत, रामभरोस मैत्री, देवनारायण साहू, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती रेवती देवी, शारदा केवट फुलवासन पटवा, सुशीला सिदार, श्रीमती सरिता पटेल सुनीता निषाद, भगवती निषाद, गंगा कश्यप, रामायण भोई नवरत्न पटेल पूर्णिमा साहू जानकी यादव सरिता, संतोषी पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### तबला वादक मोरध्वज मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित



**जांजगीर-चांपा।** प्रख्यात तबला वादक मोरध्वज वैष्णव को विगत दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन के एक गरिमामयी सम्मान समारोह में वैष्णव समाज में उनके योगदान के लिए आपको सम्मानित किए हैं। मोरध्वज वैष्णव विगत 25 वर्षों से कोरबा तथा छत्तीसगढ़ के होनहार तबला तथा नृत्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय संगीत शिक्षा देकर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए हैं। वे मूलरुप से सक्ती जिले के ग्राम बघौद के रहने वाले है। इसके अलावा मोरध्वज वैष्णव ने अभी तक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के अनेकों देशो में अपनी कला के प्रदर्शन से अनेकों मान सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, जिसके लिए विगत दिनों 13 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस गरिमामयी कार्यक्रम में सम्मानित किये। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### साहू हेल्पलाइन ने की मदद, दिए 105 किलो चावल व 51 सौ रुपए



**देवरी सारागांव।** साहू हेल्प लाइन जांजगीर सक्ती ने अनुकरणीय पहल की है। 15 जुलाई को कुम्हारीकला निवासी भरत राम का दशगात्र था, जो लम्बे समय से बीमार थे। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके परिवार ने साहू हेल्प लाइन से मदद की गुहार की। साहू हेल्प लाइन ने समाज से हटकर अन्य समाज को भी मदद का आश्वाशन दिया और दशगात्र के लिए, 105 किलो चावल और 5100 रुपये नगद प्रदान किये। साहू हेल्प लाइन के संयोजक अशोक साहू, भोला साहू, मेम कुमार साहू, प्रकाश साहू, बोध राम, साहू, हेमंत साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बुधराम सजय साहू, घनश्याम , सीता राम, प्रवीण और प्रमुख लोग उपस्थित थे सभी ने इस पुनित कार्य के लिए साहू हेल्प लाइन का आभार प्रकट किया।

### सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के नकद रहित उपचार के लिए प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार बर्मन ने बताया कि जिला अस्पताल के सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं से पीडितों को नगद रहित उपचार की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल में आईआरएडी/ईडीएआर का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डी.आर.एम एन.आई.सी श्रीमती साधना गुप्ता द्वारा पोर्टल के तकनीकी पहलुओं, कार्यप्रणाली और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । प्रशिक्षण के दौरान समस्त चिकित्सालयो को योजनांतर्गत अपने चिकित्सालय का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में जिले के समस्त आयुष्मान भारत योजनांतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में आयुष्मान भारत के डीपीसी आशीष कुमार त्रिपाठी, अंकित ताम्रकार सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला

# नवीनतम कृषि तकनीकों व नवाचारों का उपयोग कर अधिक आय अर्जित करें किसान : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला स्तरीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन गुरुवार 17 जुलाई को ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, कृषि नवाचार, नवीनतम कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी देना था। कार्यशाला में फसल चक्र, ऑयल पाम खेती, दलहन-तिलहन, बागवानी, मशरूम उत्पादन, मछली पालन, कुकुट पालन, पशुपालन, धान के बदले अन्य लाभकारी फसल, कीट प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण कृषि विषयों पर किसानों को जानकारी दी गई।

कार्यशाला में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और स्थायी खेती के तरीकों से अवगत कराया गया, ताकि वे अपनी आय बढ़ा सकें और मिट्टी के स्वास्थ्य को भी बनाए रख सकें। कार्यशाला में कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक शामिल हुए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला किसानों की मेहनत और समर्पण के कारण एक कृषि प्रधान जिला के रूप में पहचाना जाता है। जिले की लगभग 89 प्रतिशत भूमि सिंचित है, जो कृषि के लिए बेहद अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। कलेक्टर ने कहा कि कार्यशाला किसानों की आय बढ़ाने, उनकी शंकाओं का समाधान करने, शासन की योजनाओं की जानकारी देने और किसानो से सीधी चर्चा करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जिले के कुछ किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ लाभकारी फसलों, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन जैसे क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य किसानों को इसने प्रेरणा लेकर नवीनतम कृषि तकनीको व नवाचारो का उपयोग कर अधिक आय अर्जित करने किसानों से अपील की। उन्होंने कहा कि कृषक पंजीयन कृषि क्षेत्र में डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे पारदर्शिता बढेगी और शासकीय योजनाओं का लाभ किसानों तक सीधे पहुंच सकेगा। साथ ही उन्होंने रबी में अन्य अधिक लाभदायक फसल लेने कृषकों को प्रेरित किया। साथ ही कार्यशाला में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा बताई गई आधुनिक तकनीकों व नवाचारों को अपनाकर कृषि को और अधिक समृद्ध बनाएं। किसानों को विभिन्न कृषि संबंधी योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्नत कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से कृषक पंजीयन, जैविक खेती, दलहन एवं तिलहन फसलों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत, सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना माखीजा, सहायक संचालक मत्स्य, कृषि वैज्ञानिक डॉ आशुलता धुरव, शशिकांत सूर्यवंशी, डॉ आशीष प्रधान, डॉ राजीव दिक्षित, डॉ रंजीत मोदी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।



कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जानकारी देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### ऑयल पाम खेती के बारे दी गई विस्तार से जानकारी

कार्यशाला में सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती रंजना माखीजा एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ राजीव दिक्षित ऑयल पाम की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशन में जिले में 500 हेक्टेयर में ऑयल पाम की खेती का लक्ष्य रखा गया है। ऑयल पाम अन्य तिलहन फसलों अधिक लाभदायक है एवं कम देखरेख की आवश्यकता होती है। ऑयल पाम का उत्पादन तीसरे वर्ष से प्रारंभ होकर 25 से 30 वर्षों तक होता है। पौधे की उम्र बढने के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि होती है। एक हेक्टेयर से प्रति वर्ष 15 से 20 टन तक उपज लिया जा सकता है और किसान सालाना ढ़ाई से तीन लाख रुपये तक की आय प्राप्त कर सकते है। ऑयल पाम के पौधे एक निश्चित दूरी में लगाए जाते है जिससे किसान इन पौधों के बीच अंतर्वर्ती फसल लगाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। उत्पादित फसल की बिक्री हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनुबंधित कंपनियां सीधे खेत से फसल की खरीदी करती है। इसका भुगतान किसानों को डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाता है।



सड़क किनारे गिरा विद्युत खंभा।

## दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बसंतपुर में मुख्य मार्ग पर कुछ माह पहले तेज आंधी तूफान आने के कारण मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल धराशाई होकर गिर गया था। विद्युत विभाग की उदासीनता के कारण आज पर्यंतक मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल को हटाया नहीं गया है, जिसके कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ विद्युत खंभा से टकराकर कई वाहन चालक हो चुके हैं दुर्घटना का शिकार

गौरतलब है कि विद्युत मंडल बम्हनीडीह के अंतर्गत सब स्टेशन बिर्रा के ग्राम बसंतपुर में बसंतपुर से किकिरदा घोघरी मुख्य मार्ग में कुछ माह पहले तेज आंधी तूफान आने के कारण विद्युत पोल धराशाई होकर मुख्य मार्ग पर गिर गया था, जिसके कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग में चलने वाले कुछ लोगों ने मिलकर विद्युत पोल को सड़क के बगल में हटा दिए। तब से लेकर आज तक विद्युत विभाग मुख्य मार्ग पर गिरे विद्युत खंभा को आज पर्यंत तक नहीं हटाया है जो बिजली विभाग की उदासीनता और विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है। रोजाना इस मार्ग में हजारों की तादाद में लोग आते जाते हैं। यह मुख्य मार्ग सारंगढ़ से शिवरीनारायण बिलासपुर और चंद्रपुर से रायपुर,सारंगढ़ से कोरबा और चांपा को जाने वाला मुख्य मार्ग है। ग्राम बसंतपुर के पास में मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल के गिर जाने से सड़क के किनारे में घांस उग गया है, जिसके कारण आने जाने वालों को सड़क के बजाय घास, पेड़ पौधे दिखाई देते हैं। विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को साइड देने के चक्कर में गिरे हुए विद्युत खंभा से टकराकर कई वाहन चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है।

## सती उपाख्यान आरती का पं. मिश्रा के हाथों विमोचन



**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा के हाथों बुधवार को छत्तीसगढ़ के मशहूर ज्योतिषी एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ पं राजेन्द्र शर्मा की रचना सती उपाख्यान आरती का विमोचन किया गया। सावन के पुनीत महीने में कोरबा में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा शिव पुराण चल रही है। उन्होंने सती उपाख्यान आरती की रचना के लिये ज्योतिषी डॉ शर्मा की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि पंडित राजेन्द्र शर्मा ज्योतिष के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान एवं साहित्य एवं धार्मिक पुस्तकों के लेखन से समाजसेवा के कार्य में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी रचना सती उपाख्यान आरती में बड़े ही सहज और सरल ढंग से शब्दों को पिरोना का प्रयास किया है , वहीं श्राद्धलुओं की भावनाओं तथा शास्त्रीय मर्यादा का हर संभव पालन करने का प्रयास किया है। सती उपाख्यान आरती के विमोचन अवसर पर भागवताचार्य पं रमाकांत मिश्र , श्री महाकाल भक्त मंडल के अध्यक्ष दुर्गेश महाराज , मुख्य सेवक नरेंद्र पाण्डेय, बाल ज्योतिषी जय कृष्ण शर्मा, पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल , कोरबा क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवताचार्य अमित मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## धीरज और साहस के साथ हर परिस्थिति का करें सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओमशांति भवन सेवाकेंद्र खरौद में 15 जुलाई को ज्ञान योग की की क्लास आयोजित की गई। इन्दौर जोन के धार्मिक प्रभाग के जोनल कोआर्डिनेटर राजयोगी ब्रह्माकुमार नारायण भाई द्वारा ज्ञान योग की अनुभव युक्त क्लास कराई गई।

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओम शांति भवन में ज्ञान योग की क्लास आयोजित

दिव्य प्रवचन में बताया कि जीवन में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर समस्या अपना समाधान और शिक्षा स्वतः लेकर आती है। हमें किसी भी बात में घबराना नहीं चाहिए, धीरज और साहस में रहकर परिस्थितियों को हंसते-हंसते पार करना चाहिए। जितना हो आत्मिक स्थिति का अभ्यास करना है और परमात्मा शिव की याद में रह कर व्यवहार करना है। भगवान भोलेनाथ की कृपा, आशीर्वाद हम सब पर हमेशा रहती है। शिवबाबा द्वारा ज्ञान मुरली का निरन्तर अध्ययन,मनन चिंतन करने से आत्मा में शक्ति और हिम्मत आती है, जिससे बड़े से बड़े कठिनाइयों में विजय प्राप्त होती है। कभी भी किसी की बुराई नहीं करनी चाहिए। हमेशा श्रेष्ठ मत का पालन करना चाहिए। सर्व प्रथम खरौद सेवाकेंद्र की संचालिका ब्र कु मंजू दीदी ने स्वागत भाषण दिया, और सबका सम्मान किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय संचालिका ब्र कु रमा दीदी ने प्रवचन में ईश्वरीय सेवाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पूरे गांव गांव में सेवा केन्द्र की शाखाएं खोलने का कार्य किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर मानव जीवन में सुख शांति समृद्धि व निरोगी बनकर रहे। छोटे बच्चों ने स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ कृष्णा भाई अपने जीवन में ज्ञान योग के अनुभवों से लाभान्वित किया। अन्त में उपस्थित सभी ने भोजन स्वीकार किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

## जिले में 25 को होगा वृहद पौधरोपण अभियान



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा सक्ती जिले को हरा भरा बनाने के लिए बरसात के मौसम में वन विभाग, उद्यान विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत 25 जुलाई को जिले के सक्ती, डभरा, मालखरौदा, जैजैपुर सभी विकासखण्ड में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा इस वृहद पौधरोपण अभियान में जिले के सभी लोगों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, जनप्रतिनिधियों सहित सभी वर्ग के लोगों से बढ़-चढ़ कर भाग लेने और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने की अपील की गई है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छतीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निर्देशानुसार आज तहसील संयोजक मनोज यादव के नेतृत्व में ब्लॉक के सभी संगठन प्रमुखों के साथ 11 सूत्रीय मांग जिसमे प्रदेश के सभी कर्मचारियों, पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता,अर्जित अवकाश म.प्र. के तर्ज पर करने,वेतन विसंगति,केसलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों का त्वरित निराकरण करने हेतु प्रथम चरण के आंदोलन में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम पर अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ के माध्यम से ब्लॉक के सभी विभागों के कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर पामगढ़ से रैली निकाल कर एस डी एम को ज्ञापन सौपे। इस अवसर पर निधिलता जायसवाल, अजय मधुकर,मनमोहन अनन्त,रोशन खरे,नरेंद्र सिंह, असीम थवाईत, सत्येंद्र सिंह, वीरेंद्र देवांगन,आराधना लकड़ा, पुष्पलता कृष्णा, गणेशी बंजारे,योगी कश्यप,सुनीता रॉय,चंद्रकला शर्मा,हेमंत श्रीवास, संजय सुमन, वीरेंद्र कश्यप, अश्वनी रात्रे, हिमांशु यादव, सनत बंजारे, उमेश कोसले,रोहित कुमार, मीरा टंडन, महिपाल,आर जी भारद्वाज, श्रीपाल, जय कुमार, पवन कुमार, जय कुमार, बी एल ओग्रे, मनीराम जगन्नाथ, प्रमिला, मालिक राम सहित कर्मचारी उपस्थित थे ।

■ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी।

## दिल्ली में एआईसीसी प्रभारी वेणूगोपाल को विधायक राघवेंद्र ने सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को दिल्ली जाकर एआईसीसी प्रभारी के. सी. वेणुगोपाल से मिलकर संगठन सृजन अभियान के तहत प्रभार जिला कटनी (मप्र) की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई।

ग़ौरतलब है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को मध्य प्रदेश के कटनी जिले का प्रभारी बनाया गया था। उन्होंने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कटनी जिले के विभिन्न विकास करो का सघन दौरा किया एवं पार्टी के संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का आवाहन किया।



एआईसीसी प्रभारी को रिपोर्ट सौंपते विधायक राघवेन्द्र सिंह।

## बिजली की आवाजाही से रातभर चैन की नींद नहीं सो पा रहे लोग

# बिजली बिल में वृद्धि एवं कटौती के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

राज्य सरकार द्वारा लगातर चौथी बार की गई बिजली बिल की वृद्धि एवं लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल में बढ़ोतरी एवं नवागढ़ क्षेत्र में बेलगाम बिजली कटौती के विरोध में अंबेडकर चौक नवागढ़ में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा में पुष्प हार अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आते ही अपने वादे भूल जाती है,पूरा क्षेत्र बिजली की समस्या से जूझ रहा है। रात रात भर लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं महिलाएं सुरक्षित नहीं है महिलाएं सबसे ज्यादा प्रताड़ित है हम सभी एकजुट होकर सरकार बदलनी है। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार अडानी की कमाई के लिये स्मार्ट मीटर लगा रही है। भाजपा को सिर्फ़ चुनाव जीतने से मतलब है भाजपा सरकार में दारु और जनरेटर की बिक्री बढ़ी है । कार्यक्रम को पूर्व पार्षद डालेश्वर साहू, इतवारी खूंटे,किशन बघेल, पार्षद रविन्द्र केसरवानी, गोविंद करसन संतोष साहू,कांति केशरवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भुवनेश्वर साहू, संगीता यादव हरिराम साहू, शाहरुख खान, नूतन देवांगन, भूपेन्द्र साहू, जितेन्द्र कश्यप, पार्षद वाजिद मोहम्मद, दिलदार खान, शिवा मैना, लाला जायसवाल, अनिल गोंड,श्रीरामगोड़, मदनमोहन मनहर, श्याम बर्मन, पुष्पराज,दिलेश कुमार,, राजेश कुमार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद कश्यप, गोविंद केसरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

